Bareilly, Tuesday,
4 April 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

Page No. 02 : Middle

एनेस्थियोलॉजिस्ट के बिना सर्जरी नामुमकिन

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (3 April): एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में एनेस्थेसियोलाजी विभाग की ओर से सीएमई एंड हैंड्स आन वर्कशाप एयरवे अपडेट 2023 का आयोजन हुआ. इनॉग्रेशन व वर्कशॉप सत्र में हुए इस कार्यक्रम में क्रिटिकल सर्जरी के दौरान ट्रॉमा, ओरल कैंसर व अन्य मरीजों के फेफड़ों तक पर्याप्त ऑक्सीजन पहुंचाने के तरीकों पर चर्चा हुई. विशेषज्ञों के अनुसार ऑक्सीजन पहुंचाने के इस सुनिश्चित तरीके को ही चिकित्सकीय भाषा में एयरवे कहा जाता है. यह जीवन रक्षक तरीका है और इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को एनेस्थेसियोलाजिस्ट उठाते हैं. उद्घाटन सत्र का आरंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ. एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति ने कहा कि ऐसी वर्कशॉप से मरीज की जान बचाने में मदद मिलती है. इस मौके पर मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति, डॉ. जूही सरन, डॉ. केसी शर्मा, डॉ. गौरव मिश्रा, डॉ. विश्वजीत सिंह, डॉ. अशिता मोवार, डॉ. सांची जैन, डॉ. अखिलेश पावड़े, डॉ. एसपी वार्ष्णेय व अन्य लोग मौजूद रहे.